RNI Title-Code :- RAJBIL27027
www.nagaurdaily.com
Email. nagaurdaily0@gmail.com
# नागौर डेली न्यूज
नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित
अहसास बदलाव का...
वर्ष: 1 | अंक 197 | नागौर, 19 जून, 2022 (रविवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

## रक्षा मंत्रालय का बड़ा ऐलान : रक्षा मंत्रालय की नौकरी में अग्निवीरों को मिलेगा 10% आरक्षण

नई दिल्ली

केंद्र सरकार द्वारा सेना में भर्ती के लिए लाई गई अग्निपथ योजना को लेकर बवाल लगातार जारी है। इस बवाल के मद्देनजर रक्षा मंत्रालय ने एक और बड़ा ऐलान किया है। रक्षा मंत्रालय ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि रक्षा मंत्रालय की नौकरी में अग्निवीरों को 10% आरक्षण मिलेगा। रक्षा मंत्रालय ने ट्वीट कर कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आवश्यक पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले अग्निवीरों के लिए रक्षा मंत्रालय में नौकरी की रिक्तियों के 10% को आरक्षित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। मंत्रालय ने यह भी कहा कि 10% आरक्षण भारतीय तटरक्षक बल और रक्षा नागरिक पदों और सभी 16 रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में लागू किया जाएगा। यह आरक्षण भूतपूर्व सैनिकों के लिए मौजूदा आरक्षण के अतिरिक्त होगा।

इससे पहले गृह मंत्रालय ने भी बड़ा ऐलान करते हुए कहा था कि गृह मंत्रालय ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल और असम राइफल्स में होने वाली भर्तियों में अग्निपथ योजना के अंतर्गत 4 साल पूरा करने वाले अग्निवीरों के लिए 10% रिक्तियों को आरक्षित करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इसमें आगे लिखा गया है कि साथ ही गृह मंत्रालय ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल और असम राइफल्स में भर्ती के लिए अग्निवीरों को निर्धारित अधिकतम प्रवेश आयु सीमा में 3 वर्ष की छूट देने का निर्णय किया है। और अग्निपथ योजना के पहले बैच के लिए यह छूट 5 वर्ष होगी। दूसरी ओर दिन बिहार के कई हिस्सों में लगातार चौथे दिन भी अग्निपथ योजना के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन जारी रहा। प्रदर्शनकारियों ने शनिवार को जहानाबाद जिले में तेहटा पुलिस चौकी परिसर के अंदर खड़े एक ट्रक और एक बस समेत कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया। सेना में भर्ती के लिए 'अग्निपथ' योजना के खिलाफ देश के विभिन्न हिस्सों में लगातार तीसरे दिन शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन के तहत तेलंगाना के सिकंदराबाद में पुलिस की गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई। आक्रोशित युवाओं के प्रदर्शन के दौरान कई ट्रेनों में आग लगा दी गई, निजी, सार्वजनिक वाहनों, रेलवे स्टेशन में तोड़फोड़ की गई और राजमार्गों तथा रेलवे लाइन को अवरूद्ध कर दिया गया। शुक्रवार को जान गंवाने वाले युवक की पहचान वारंगल जिले के दबीरपेट गांव के रहने वाले 24 वर्षीय राकेश के रूप में हुई है।



## कश्मीर में पुलिस अफसर की हत्या

### सब इंस्पेक्टर का गोलियों से छलनी हुआ शव मिला; खेत में काम करते समय आतंकियों ने बनाया निशाना

श्रीनगर.



दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले के पंपोर इलाके में रहस्यमय परिस्थितियों में एक पुलिस सब इंस्पेक्टर का गोलियों से छलनी शव मिला है। मौके से दो पिस्टल कारतूस भी मिले हैं। घटना के बाद सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। सब-इंस्पेक्टर की पहचान फारूक अहमद मीर (50) के नाम से की गई है। वे पंपोरा के लेठपेरा में 23 बटालियन आईआरपी में तैनात थे। उनके परिवार में पिता, पत्नी और तीन बच्चे हैं। इनमें दो बेटियां और एक बेटा शामिल हैं। इस खबर को आगे पढ़ने से पहले नीचे दिए गए. शुरुआती जांच में सामने आया है कि शुक्रवार शाम को फारूक अहमद मीर संबूरा में अपने घर से निकल कर धान के खेतों की तरफ गए थे, जहां आतंकियों ने उन्हें निशाना बनाया और उनकी हत्या कर दी। उनके दिल के पास गोली लगने जैसा निशान मिला है। इस हत्या के पीछे किस संगठन का हाथ है, फिलहाल ये पता नहीं चल पाया है।

## प्रि-मानसून: प्रदेश के 16 जिलों में बारिश

**जयपुर.** राजस्थान में 24 घंटे में 16 जिलों में बारिश हुई। प्री-मानसून में अब तक सूखे रहे गंगानगर,बीकानेर, हनुमानगढ़ और चूरू में शुक्रवार रात तेज बरसात हुई। दक्षिण-पूर्वी राजस्थान के जिलों में भी बादल खूब मेहरबान हुए। इसके साथ ही सवाई माधोपुर, भरतपुर, अलवर, धौलपुर समेत 5 जिलों में 3-3 इंच तक बरसात हुई। मौसम विभाग ने 13 जिलों में अगले 4 दिन बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विशेषज्ञों ने बताया कि प्री-मानसून की बारिश का ये दौर अगले 2-3 दिन और जारी रहेगा। भरतपुर संभाग (भरतपुर, करौली, सवाई माधोपुर, धौलपुर), कोटा संभाग (कोटा, बूंदी, बारां, झालावाड़) के कुछ हिस्सों में अगले 48 घंटे के दौरान तेज बारिश भी हो सकती है।

**आधे जयपुर में बारिश**-आज दोपहर 12 बजे से आधे जयपुर में तेज बरसात हुई। जेएलएन मार्ग, टोंक, रोड, सहकार मार्ग, आदर्श नगर, ट्रांसपोर्ट नगर समेत कई एरिया में दिन में 10-15 मिनट तक तेज बारिश हुई। जेएलएन मार्ग पर यूनिवर्सिटी गेट पर तेज बारिश के बाद पानी भरने से पैदल आने-जाने वालों को परेशानी हुई। इधर, चौमूं क्षेत्र के जैतपुरा, हाड़ौता, राधास्वामी बाग, सामोद रोड, पर भी बारिश हुई।

**इन जिलों में हुई बरसात**-जयपुर, बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, अलवर, भरतपुर, धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर, दौसा, बूंदी, बारां, कोटा, झालावाड़ और टोंक। जयपुर मौसम केन्द्र और जल संसाधन विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटे के दौरान सवाई माधोपुर, अलवर, भरतपुर और टोंक जिलों के कुछ एरिया में भारी बारिश हुई। सबसे ज्यादा सवाई माधोपुर जिले के खंडार में 89 एमएम बारिश दर्ज हुई। अलवर के कोटकासिम में 80एमएम, भरतपुर के नगर, रूपवास में 71-71 एमएम, धौलपुर के सैंपऊ में 64एमएम, सवाई माधोपुर के चौथ का बरवाड़ा में 63एमएम बारिश हुई। इधर उत्तरी राजस्थान के हनुमानगढ़ के रावतसर में 45 एमएम , गंगानगर के सूरतगढ़ 42 एमएम, घड़साना में 29 एमएम, गंगानगर शहर में 29 एमएम बरसात हुई। टोंक, दौसा, बूंदी, बारां, झालावाड़, करौली, बीकानेर और कोटा जिलों के कई इलाकों में बरसात हुई।

## बिहार अग्निपथ पर चौथे दिन झुलसा

### जीआरपी थाने पर हमला, फायरिंग-पथराव; 20 जून तक रात 8 से सुबह 4 बजे तक चलेंगी ट्रेनें



बिहार.

बिहार में लगातार चौथे दिन उग्र प्रदर्शन हुआ। पटना समेत प्रदेश के 6 जगहों पर पुलिस पर प्रदर्शनकारियों ने हमला किया। कुछ जगह पर पुलिस और प्रदर्शनकारियों में फायरिंग भी हुई। उग्र प्रदर्शन को देखते हुए रेलवे ने बड़ा फैसला लिया है।

ट्रेनों और यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए अब बिहार में पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार से गुजरने वाली ट्रेनें आज से 20 जून तक रात 8 बजे से सुबह 4 बजे तक ही चलेंगी। पूर्व मध्य रेलवे के सीपीआरओ वीरेंद्र कुमार ने बताया कि ट्रेनों को गुजारने के लिए सेफ कॉरीडोर बनाया गया है। दूसरे जोन की ट्रेनें रि-शेड्यूल करके आएंगी तो उन्हें बिहार गुजारा जाएगा। यहां 5 बजे से पत्थर चलाने लगते हैं। पटना के मसौढ़ी में तारगेना स्टेशन के पास पत्थरबाजी और फायरिंग हुई है। प्रदर्शनकारी स्टेशन में तोड़फोड़ करने लगे। पार्किंग में खड़ी गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पथराव किया है। काबू पाने के लिए पुलिस ने कई राउंड फायर किए हैं।

**प्रदर्शनकारियों ने थाने पर हमला कर दिया**-बताया जा रहा है कि मसौढ़ी में सुबह 8 बजे कोचिंग से छुट्टी के बाद छात्र स्टेशन पर जुटने लगे। छात्र तोड़फोड़ करने लगे। स्टेशन मास्टर के केबिन और बुकिंग काउंटर को फूंक दिया। गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की। इसके बाद प्रदर्शनकारियों की ओर से पुलिस पर 10-15 राउंड फायर किए गए। बचाव में पुलिस ने 100 से ज्यादा राउंड गोलियां चलाई हैं।

### पीएम मोदी गुजरातः वडोदरा में पीएम मोदी ने कहा

## हमारी डबल इंजन की सरकार ने 8 वर्षों में महिलाओं को बनाया सशक्त

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को गुजरात के अजवा रोड स्थित लेप्रोसी ग्राउंड में गुजरात गौरव अभियान की जनसभा में 21,504 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का उद्घाटन किया। जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया उनमें रेलवे, वडोदरा नगर निगम (वीएमसी) और वडोदरा, आनंद, खेड़ा, पंचमहल और छोटा उदयपुर के पांच जिलों में आने वाले विभिन्न विभाग शामिल हैं।

पीएम मोदी ने वडोदरा में जनता को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार ने पिछले 8 वर्षों में महिलाओं को सशक्त बनाया है। उनका सशक्तिकरण भारत के विकास के लिए अनिवार्य है। आज सेना से लेकर खदान तक महिला कल्याण को ध्यान में रखकर नीतियां बनाई जा रही हैं। वडोदरा मातृशक्ति के उत्सव के लिए एक उपयुक्त नगर



है क्योंकि यह मां की तरह संस्कार देने वाला शहर है, वडोदरा संस्कार की नगरी है। ये शहर हर प्रकार से यहां आने वालों को संभालता है, सुख-दुख में साथ देता है और आगे बढ़ने के अवसर देता है।

## कोरोना ने पकड़ी रफ्तार, 113 दिन बाद आए 13 हजार से अधिक मामले

नयी दिल्ली।

भारत में एक दिन में कोविड-19 के 13,216 नए मामले सामने आने के बाद देश में कोरोना वायरस से अब तक संक्रमित हो चुके लोगों की संख्या बढ़कर 4,32,83,793 हो गई। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 68,108 पर पहुंच गई।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अद्यतन आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। 113 दिनों में यह पहली बार है, जब देश में संक्रमण के 13,000 से अधिक मामले दर्ज किए गए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शनिवार सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, भारत में बीते 24 घंटे में संक्रमण



से 23 और लोगों की मौत के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 5,24,840 हो गई।

मंत्रालय ने बताया कि देश में उपचाराधीन मरीजों की संख्या 68,108 हो गई है, जो कुल मामलों का 0.16 प्रतिशत है। वहीं, मरीजों के संक्रमण मुक्त होने की राष्ट्रीय दर 98.63 प्रतिशत तो कोविड-19 मृत्यु दर 1.21 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 5,045 की बढ़ोतरी हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, दैनिक संक्रमण दर 2.73 प्रतिशत, जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर 2.47 प्रतिशत है। देश में अभी तक कुल 4,26,82,697 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं।

## पवार के बाद अब्दुल्ला ने भी राष्ट्रपति चुनाव लड़ने से किया इनकार

नयी दिल्ली।

जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने शनिवार को राष्ट्रपति चुनाव के लिए विपक्ष का उम्मीदवार बनने से इनकार कर दिया है। आपको बता दें कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी की अगुआई में राष्ट्रपति चुनाव को लेकर विपक्षी दलों की बैठक हुई थी। इस बैठक में आम आदमी पार्टी, शिअद, बीजद और टीआरएस को छोड़कर तमाम विपक्षी पार्टियों ने हिस्सा लिया था। जिनका स्वागत खुद ममता बनर्जी ने किया।

इस बैठक का उद्देश्य राष्ट्रपति चुनाव के लिए विपक्ष के एक संयुक्त उम्मीदवार का चयन करना था लेकिन यह बैठक बेनतीजा रही



और इसमें विपक्ष का संयुक्त उम्मीदवार चुना नहीं जा सका। लेकिन खबर सामने आई कि ममता बनर्जी ने शरद पवार के इनकार करने के बाद फारूक अब्दुल्ला और महाराष्ट्र गांधी के पोते गोपाल कृष्ण गांधी के नाम का प्रस्ताव रखा। हालांकि कहा जाता है कि वामदलों ने सर्वप्रथम गोपाल कृष्ण गांधी के नाम का प्रस्ताव रखा था।

### अग्निपथ पर सोनिया का देश के युवाओं को संदेश, बोलीं

## अहिंसक ढंग से करें आंदोलन, आपके साथ है कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** सशस्त्र बलों में भर्ती की नई अग्निपथ योजना पर कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्षा सोनिया गांधी का बयान सामने आया है। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे दुख है कि केंद्र सरकार ने आपकी आवाज को नजरअंदाज किया और एक नई योजना की घोषणा की जो पूरी तरह से दिशाहीन है... दरअसल, अग्निपथ योजना के खिलाफ देशभर में युवाओं का प्रदर्शन चल रहा है। जिसने हिसंक रूप ले लिया है। इसका सबसे ज्यादा प्रभार बिहार में दिखाई दिया है। कांग्रेस अध्यक्षा ने युवाओं को संबोधित करते हुए पत्र लिखा कि आप भारतीय सेना में भर्ती होकर देशसेवा का महत्वपूर्ण कार्य करने की अभिलाषा रखते हैं। सेना में लाखों खाली पद होने के बावजूद पिछले 3 साल से भर्ती न होने का दर्द मैं समझ सकती हूं।



## कुछ लोग अपनी राजनीतिक रोटियां सेकना चाहते हैं, हिंसा का रास्ता ठीक नहीं : ठाकुर

नई दिल्ली

अग्निपथ योजना को लेकर देशभर में चल रहे बवाल के बीच केंद्रीय खेल एवं युवा मंत्री अनुराग ठाकुर ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। अनुराग ठाकुर ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि हिंसा का रास्ता ठीक नहीं है। न्यूज़ एजेंसी एएनआई के मुताबिक अनुराग ठाकुर ने कहा कि युवाओं से अनुरोध है कि हिंसा का रास्ता अपनी बात रखने के लिए ठीक नहीं है। अग्निपथ युवाओं के हित में और देश को और सुरक्षित बनाने के लिए लिया गया निर्णय है। विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि हिंसा फैलाने से, उपद्रव मचाने से कुछ नहीं होगा...कुछ लोग अपनी राजनीतिक रोटियां सेकना चाहते हैं। अनुराग ठाकुर ने आगे कहा कि सीएपीएफ में भी अग्निवीरों को प्राथमिकता देने की बात की गई है, आयु में भी रियायत दी जाएगी।



इसके साथ ही युवा नेता ने कहा कि हमारा विभाग भी विचार कर रहा है कि अग्निवीरों को 4 साल की सर्विस के बाद ट्रेनिंग देकर जो लोग शारीरिक शिक्षा के अध्यापक बनना चाहते हैं उनके लिए हम क्या कर सकते हैं। वहीं इससे पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री को माफीवीर बनना होगा, अग्निपथ योजना वापस लेनी ही पड़ेगी।

उन्होंने लिखा कि आठ वर्षों से भाजपा सरकार ने 'जय जवान, जय किसान के मूल्यों का लगातार अपमान किया है।



## सम्पादकीय

# हिंसक विरोध

एक बार फिर नौजवान हिंसक आंदोलन पर उतर आए हैं। देश के विभिन्न शहरों में रेल की बोगियों, स्टेशनों, बसों आदि को आग के हवाले कर दिया गया। कहीं-कहीं भाजपा विधायकों के वाहनों, भाजपा कार्यालयों पर भी हमले हुए। यह सब सेना में भर्ती की नई नीति के विरोध में हो रहा है। सरकार ने अग्निपथ योजना के तहत सेना में चार साल के लिए भर्ती की नीति बनाई है, जिसमें न तो संतोषजनक वेतन तय किया गया है, न पेंशन और न दूसरी सुविधाओं को शामिल किया गया है। कोरोना काल में दो साल सेना में भर्ती रुकी रही। फिर जब खोली गई है, तो नई योजना के तहत। सरकार ने इस योजना को विज्ञापनों के माध्यम से कुछ इस तरह बढ़-चढ़ कर प्रचारित किया, मानो इससे युवाओं को बहुत लाभ मिलने वाला है और भारतीय सेना अधिक ताकतवर होकर उभरेगी। इस योजना की घोषणा रक्षामंत्री और सेना के तीनों प्रमुखों ने मिल कर की।

मगर जैसे ही योजना का विवरण सार्वजनिक हुआ, नौजवानों का आक्रोश फूट पड़ा। सबने सवाल किया कि चार साल की ही चाकरी क्यों? उसके बाद नौजवान क्या करेंगे, कहां जाएंगे। हालांकि सरकार ने समझाने का प्रयास किया कि इस सेवा से निकलने के बाद युवाओं को दूसरे सुरक्षाबलों में जगह दी जाएगी, मगर इससे वे संतुष्ट नहीं हैं और आंदोलन बढ़ता जा रहा है। हालांकि सरकार का कहना है कि उसने बहुत विचार-विमर्श और दूसरे देशों की रक्षा प्रणाली का अध्ययन करने के बाद इस योजना की रूपरेखा तैयार की है। इससे देश की सेना में सबसे ऊर्जावान युवाशक्ति होगी। कई देशों में ऐसी योजनाएं हैं कि वहां युवाओं को अपने जीवन के कुछ साल सेना को देने होते हैं, उसके बाद वे दूसरी सरकारी नौकरियों या अपने निजी काम-धंधों का चुनाव कर सकते हैं।

मगर हमारे देश में उस व्यवस्था की नकल नहीं की जा सकती, क्योंकि यहां दुनिया की सबसे अधिक बेरोजगार नौजवान आबादी है और उनमें से ज्यादातर सेना में इसलिए भी जाना चाहते हैं कि वहां जगहें अधिक निकलती हैं और उसमें पेंशन आदि की सुविधा लागू है। हमारे यहां भविष्य की सुरक्षा की चिंता अधिक है। दूसरे देशों में यह स्थिति नहीं है। मगर सरकार ने इस पक्ष पर या तो गंभीरता से विचार नहीं किया या उसे अपने खर्चे बचाने की चिंता अधिक थी। अब न केवल नौजवान, बल्कि अनेक रक्षा विशेषज्ञ और राजनीतिक दल इसका कड़ा विरोध कर रहे हैं।

इस योजना को लागू करने के बाद अब भी सरकार ठीक से समझा पाने में विफल दिख रही है कि इसके लाभ क्या हैं। यही स्थिति कृषि कानूनों को लेकर थी। इस तरह इस आंदोलन के अभी और खिंचने के आसार हैं। किसी भी नीति या फैसले को लेकर एतराज होने पर विरोध प्रदर्शन करना नागरिकों का सांविधानिक अधिकार है। मगर अपनी बात मनवाने या सरकार पर दबाव बनाने के लिए हिंसा का सहारा किसी भी रूप में उचित नहीं कहा जा सकता। आंदोलन शांतिपूर्ण तरीके से ही होना चाहिए।

सार्वजनिक संपत्ति का नुकसान देश की अर्थव्यवस्था को और पटरी से नीचे ले जाएगा। मगर सरकार से भी अपेक्षा की जाती है कि ऐसे मौकों पर वह बातचीत के जरिए हल निकालने का माहौल बनाए। चुप्पी साधे रखने से बात नहीं बनेगी। अगर सरकार के किसी फैसले को लेकर आंदोलन छिड़ता है, तो सरकार का फर्ज है कि उसे शांत करने की पहल करे, न कि दमन का रास्ता अख्तियार करे।

# महंगाई का बढ़ता बोझ

**मई 2022 में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित महंगाई दर बढ़ कर तीस साल के सर्वोच्च स्तर 15.88 फीसद पर पहुंच गई। अप्रैल में यह 15.08 फीसद थी। पिछले चौदह महीनों से थोक महंगाई दर दो अंकों में बनी हुई है। आने वाले महीनों में भी इसके ऊंचे बने रहने की आशंका है। थोक महंगाई दर बढ़ने से विनिर्माण लागत बढ़ जाती है, जिसकी कीमत अंत में आम उपभोक्ताओं को ही चुकानी पड़ती है। थोक महंगाई दर की इस ऊंचाई के पीछे रूस-यूक्रेन युद्ध को बड़ा कारण बताया जा रहा है। युद्ध की वजह से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल, धातु और खाद्य पदार्थों की ऊंची कीमतें आसमान छू रही हैं। लेकिन जिस एक प्रमुख कारण का जिक्र नहीं किया जा रहा, वह है रुपए की कमजोरी। यदि रुपया मजबूत होता तो अंतरराष्ट्रीय बाजार की महंगाई से मुकाबला करना कहीं आसान हो जाता। रुपए की कमजोरी के बाहरी कारण तो हैं ही, इसके घरेलू कारण भी हैं।**

**जेब** पर मार से त्रस्त आम जनता को आंकड़ों ने एक बार फिर महंगाई की याद दिला दी है। मई महीने के आंकड़े बता रहे हैं कि महंगाई बेलगाम है। नीति-नियंताओं ने कुछ उपाय तो किए हैं, लेकिन ठोस नतीजा दिख नहीं दिख रहा। महंगाई की इस तपिश में बेशक अभी लोग झुलस रहे हैं, लेकिन उसकी लपट देर सबेर उन तक भी पहुंचेगी, जो फिलहाल सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। मांग और आपूर्ति के सिद्धांत पर चलने वाली बाजार व्यवस्था में कमजोरी का सीधा अर्थ है कि रुपए की मांग घट गई है। रुपए की मांग तब बढ़ती है जब देश में विदेशी निवेश आता है, चाहे प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआइ) के रूप में या विदेशी संस्थागत निवेश (एफआइआइ) के रूप में। संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (यूएनसीटीएडी) की विश्व निवेश रपट (डब्ल्यूआइआर) बताती है कि वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान भारत में एफडीआइ की आमद तीस फीसद घट कर पैंतालीस अरब डालर रह गई। कारण?

विलय और अधिग्रहण के बड़े मामले फलीभूत नहीं हो पाए। वित्त वर्ष 2020-21 में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आइसीटी), स्वास्थ्य, ढांचागत क्षेत्र और ऊर्जा में विलय और अधिग्रहण में तिरासी फीसद का उछाल आया था और इससे कुल सत्ताईस अरब डालर की आमद हुई थी। लेकिन 2021-22 में विलय और अधिग्रहण सत्तर फीसद गिर कर मात्र आठ अरब डालर का रह गया। जबकि महामारी के हालात 2020-21 की तुलना में 2021-22 में बेहतर रहे। सरकार फिर भी 2021-22 के दौरान एफडीआइ में दो फीसद की उछाल बताती है। उसके अनुसार कुल चौरासी अरब डालर का विदेशी निवेश आया है। दरअसल, इस आंकड़े में एफपीआइ की आमद और आमदनी के पुनर्निवेश को भी जोड़ा दिया गया है, ताकि यह आंकड़ा बड़ा दिखे।

एफपीआइ की हालत एफडीआइ से अच्छी नहीं है। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने अकेले मई महीने में चवालीस हजार करोड़ रुपए की बिकवाली कर डाली, जो मार्च 2020 के बाद सबसे बड़ी मासिक बिकवाली है। इसके साथ ही, इस साल मई तक एफपीआइ की बिकवाली का कुल आंकड़ा एक लाख इकहत्तर हजार करोड़ रुपए पहुंच गया। एफपीआइ की बिकवाली का अंतहीन सिलसिला इस महीने भी जारी है। विदेशी निवेश में इस तरह की गिरावट का सीधा-सा अर्थ है कि निवेशकों की नजर में भारत में निवेश फिलहाल लाभकारी और सुरक्षित नहीं रह गया है। उन्हें अमेरिका अधिक सुरक्षित और लाभकारी ठिकाना लग रहा है। फेडरल रिजर्व के कदम से डालर मजबूती के नित नए मुकाम चढ़ रहा है। फेडरल रिजर्व मार्च 2022 से जून 2022 तक ब्याज दर में तीन बार में डेढ़ फीसद की वृद्धि कर चुका है। 16 जून को पचहत्तर आधार अंकों की वृद्धि पिछले तीस सालों में सबसे ज्यादा है। निवेशक डालर की तरफ दौड़ रहे हैं और डालर तेजी से ऊपर उठ रहा है, जबकि रुपया उसी गति से नीचे आ रहा है। डालर के मुकाबले रुपए की कीमत अठहत्तर से भी नीचे पहुंच चुकी है। डालर की मजबूती का एक कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की ऊंची कीमत भी है। रुपए की कमजोरी के घरेलू कारण भी हैं। महंगाई, बेरोजगारी के



बीच उभरी सामाजिक, राजनीतिक अशांति से निपटने के लिए समय रहते कदम उठाए गए होते तो आज स्थिति इतनी बुरी नहीं होती। निवेशक किसी देश में तभी आते हैं जब माहौल हर तरह से अनुकूल हो। निवेश आएगा तभी जब रुपया मजबूत होगा, विनिर्माण लागत घटेगी, महंगाई दर नीचे आएगी, बाजार में मांग बढ़ेगी, रोजगार पैदा होगा और अंत में अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। हालांकि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) ने रुपए की मजबूती के लिए कदम उठाए हैं। बैंक ने ब्याज दर में मई और जून, 2022 में दो बार में 90 आधार अंकों की वृद्धि की है। लेकिन रुपए की सेहत पर इसका असर फिलहाल दिखा नहीं है। अलबत्ता आरबीआइ की दर वृद्धि से कर्ज महंगा हो रहा है। महामारी के दौरान चौरानवे फीसद लोगों की कमाई घट गई और अभी भी लोग मुश्किल से घर चला पा रहे हैं। ऐसे में महंगा कर्ज लोगों की आर्थिक सेहत के साथ ही मानसिक सेहत पर भी बुरा असर डालने वाला है। कर्ज ले चुके लोगों की किस्तें (ईएमआइ) बढ़ रही हैं और कर्ज लेने की योजना बना रहे लोग अपने इरादे बदल रहे हैं। इसका सबसे ज्यादा असर रियल एस्टेट क्षेत्र पर होना है, जो अभी भी महामारी की मंदी से उबरने की प्रक्रिया में हैं। मकानों की मांग घट जाएगी तो नए मकानों का निर्माण रुक जाएगा। इस क्षेत्र में कार्यरत श्रमिक बेरोजगार हो जाएंगे। बेरोजगारी बढ़ेगी। बाजार में मांग और घट जाएगी। आरबीआइ की यह नीतिगत पहल एक तरह से महंगाई, बेरोजगारी बढ़ाने वाली है। लेकिन यह पहल आगे भी जारी रहने वाली है। हां, महंगाई घटाने के सरकार के राजकोषीय उपायों का थोड़ा असर दिखने लगा है। मई में पेट्रोल पर आठ रुपए और डीजल पर छह रुपए उत्पाद शुल्क घटाया गया। सोयाबीन और सूरजमुखी तेल पर आयात शुल्क हटा दिया गया। इससे मई की खुदरा महंगाई दर में थोड़ी नरमी आई और यह अप्रैल के 7.79 फीसद से घट कर 7.04 फीसद हो गई। हालांकि अभी भी यह आरबीआइ की अधिकतम अपेक्षित सीमा छह फीसद से काफी ऊपर है। राजकोषीय मोर्चे पर सरकार को अभी और काम करने की जरूरत है। तेल की कीमत, खासतौर से डीजल की कीमत कम होने से परिवहन लागत घटती है और उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतें नीचे आ जाती हैं। इसलिए पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क अभी और घटाने की जरूरत है।

## व्यापार समाचार

### अगस्त-सितंबर में शुरू होगी 5जी सेवाएं, इस साल के अंत तक 20-25 शहरों में होगा विस्तार : वैष्णव

नई दिल्ली।

दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि साल के अंत तक 20-25 शहरों और कस्बों में 5जी सेवाओं की शुरुआत हो जाएगी। उन्होंने साथ ही संकेत दिया कि नई सेवाओं की शुरुआत के साथ भारत में डेटा कीमतें दुनिया के दूसरे देशों के मुकाबले कम बनी रहेंगी। भारत में डेटा की मौजूदा कीमतें वैश्विक औसत से काफी कम हैं। मंत्री ने कहा कि भारत 4जी और 5जी स्टैक विकसित कर रहा है, और डिजिटल नेटवर्क में दुनिया के लिए एक विश्वसनीय स्रोत के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए तैयार है।

उन्होंने 'टीवी9 -भारत आज क्या सोचता है' वैश्विक शिखर सम्मेलन में कहा कि कई देश भारत द्वारा विकसित किए जा रहे 4जी और 5जी उत्पादों और प्रौद्योगिकियों को प्राथमिकता देना चाहते हैं। वैष्णव ने बताया कि अवांछित कॉलों के मुद्दे को हल करने के लिए मंत्रालय एक महत्वपूर्ण नियमन पर काम कर रहा है।

### भारत, ईयू के बीच कारोबारी समझौते से उल्लेखनीय और अछूती संभावनाएं सामने आएंगी : गोयल

ब्रसेल्स।

भारत और यूरोपीय (ईयू) संघ के बीच व्यापार, निवेश और भौगोलिक संकेतकों (जीआई) पर प्रस्तावित समझौतों को लेकर वार्ता औपचारिक रूप से बहाल होने के बीच वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यहां कहा कि इन समझौतों को लागू करने से अब तक अछूती रही उल्लेखनीय क्षमता को सामने लाने में मदद मिलेगी जो दोनों क्षेत्रों के बीच आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने में मददगार होगी। भारत और ईयू ने आठ साल से भी अधिक समय के बाद



प्रस्तावित समझौतों पर 17 जून से औपचारिक वार्ता बहाल की है। गोयल ने कहा कि भारत और ईयू के बीच निष्पक्ष, न्यायसंगत और संतुलित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर वार्ता पुनः शुरू करने के लिए वह यहां आए हैं। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ''इससे हमारे संबंध और भी मजबूत होंगे। बीते कुछ महीनों में हमारा द्विपक्षीय व्यापार उल्लेखनीय रूप से बढ़ा है। अब तक अछूती रहीं संभावनाएं इन तीन समझौतों के क्रियान्वयन से सामने आएंगी। ये तीन समझौते व्यापार, निवेश और जीआई से संबंधित हैं।'' भारत ने 27 देशों के आर्थिक संगठन यूरोपीय संघ के साथ व्यापार समझौते 'द्विपक्षीय व्यापार एवं निवेश समझौता (बीटीआईए)' पर 2007 में वार्ता शुरू की थी लेकिन वाहनों पर सीमा शुल्क जैसे कई अहम मुद्दों पर दोनों पक्षों के बीच जब सहमति नहीं बन सकी तो 2013 में यह वार्ता ठप पड़ गई। गोयल से भारतीय पक्ष की अहम मांगों के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि भारत आधुनिक उत्पादों को लेकर दुनिया के साथ सरोकार रखना चाहता है और उसका ध्यान ऐसे क्षेत्रों पर है जहां वह नई प्रौद्योगिकी और निवेश के लिहाज से लाभ अर्जित करना चाहता है। यूरोपीय आयोग के कार्यकारी उपाध्यक्ष वलदिस डोम्ब्रोवस्किस ने कहा कि दोनों ही पक्ष महत्वाकांक्षी और व्यापक एफटीए चाहते हैं। उन्होंने बताया कि अगले दौर की वार्ता नई दिल्ली में होगी और यह 27 जून से एक जुलाई तक चलेगी। हमारा उद्देश्य 2023 के अंत तक वार्ता पूरी कर लेने का है।







## आज का राशिफल

### मेष
उगाही एवं प्रवास के लिए आज का दिन अच्छा है। व्यापार से सम्बंधित कामों के लिए लाभदायी शुरुआत रहेगी। घर में शुभ प्रसंग का आयोजन होगा। शेयर-सट्टे में आर्थिक लाभ होगा। पत्नी के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी।

### वृषभ
आज अनुकूलता और प्रतिकूलता से भरा दिन रहेगा। व्यापार में कुछ नया करने का प्रयास करेंगे। आलस्य और चिंता बनी रहेगी। स्वास्थ्य के प्रति ध्यान रखें। विरोधियों के साथ वाद-विवाद में न उतरें।

### मिथुन
खान-पान में आज विशेष ध्यान रखें। नेगेटिव विचारों को मन से निकाल देने पर हताशा का अनुभव करेंगे। अनैतिक काम आपको विपत्ति में डाल सकते हैं। संभव हो, तो उससे दूर रहें। आकस्मिक प्रवास का योग बनेगा।

### कर्क
कोई पुरानी चिंता दूर हो सकती है। लेखन या साहित्यिक प्रवृत्ति में आपकी विशेष रुची रहेगी। व्यापार में विकास होने से नई योजनाएं अमल में आएगी। फिर भी अधिकारी के साथ वाद-विवाद में न पड़ें।

### सिंह
किसी के साथ आज इमोशनल संबंध में बंध सकते हैं। उस सम्बन्ध में आज कुछ अधिक भावनाशील रहेंगे। आनंद-प्रमोद तथा मनोरंजक प्रवृत्ति से मन खुश रहेगा। मित्रों का साथ मिलने से आनंद दोगुना हो जाएगा।

### कन्या
वस्त्र-आभूषण की खरीदी आप के लिए रोमांचक और आनंददायी रहेगी। वाहन चलाते समय ध्यान रखें। क्रोध पर संयम रखें। वाणी उग्र न हो जाएं इसका ध्यान रखें। नए काम को आरंभ करने के लिए आज का दिन अच्छा नहीं है।

### तुला
व्यापार में भागीदारी के काम से लाभ प्राप्त होगा। धन प्राप्ति का प्रबल योग है। ब्याज, दलाली आदि से इनकम में वृद्धि होने की संभावना है। अच्छे वस्त्र और अच्छे खान-पान से मन खुश रहेगा। छोटे प्रवास या पर्यटन का योग है।

### वृश्चिक
कला के प्रति आप की रुचि बढ़ेगी। व्यापार में कोई कठिन काम बन जाने से आपके मन में उल्लास छाया रहेगा। नौकरीपेशा लोगों के लिए भी समय अनुकूल रहेगा। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी।

### धनु
आज का दिन मध्यम फलदायी है। शारीरिक ताज़गी और मानसिक प्रसन्नता का अभाव रहेगा। परिवार में उग्र वातावरण रह सकता है। सामाजिक जीवन में मानहानि का प्रसंग बन सकता है। वाणी पर कंट्रोल रखें।

### मकर
आज संपत्ति के कामों में बहुत ध्यान रखना होगा। व्यापार कर रहे लोगों के लिए आज का दिन अनुकूल है। भाई-बंधुओं का व्यवहार सहयोगात्मक रहेगा। दोपहर के बाद शारीरिक और मानसिक अनुकूलता रहेगी।

### कुंभ
आज स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। आज का दिन आध्यात्मिक प्रवृत्ति के लिए बहुत अच्छा है। आर्थिक लाभ होगा। विद्यार्थियों को पढ़ाई में अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। मन में जो दुविधा है, उसका निराकरण हो जाएगा।

### मीन
व्यापार के लिए वातावरण अनुकूल रहेगा। आप के हर काम सरलता से पूरे कर सकेंगे। दोपहर बाद किसी बात की चिंता से नकारात्मक विचार आ सकते हैं। इससे हताशा भी बढ़ सकती है। शेयर-सट्टे में पूंजी-निवेश कर सकते हैं।

# जलस्रोतों का किया औचक निरीक्षण, नदारद मिले कार्मिक

अबूबकर बल्खी



**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** नागौर जिला कलेक्टर पीयूष समरिया के आदेश पर लाडनूं क्षेत्र के जल स्रोतों का औचक निरीक्षण किया गया। उपखंड अधिकारी अनिल कुमार गढ़वाल द्वारा हुसैनपुरा जाटावास, मिठड़ी, देवरा, तिलोटी, लछड़ी, ध्यावा, जेसलान, इंद्रपुरा, आसपुरा, रामपुरा आदि गांवों में स्थित जल स्रोतों की आकस्मिक जांच की गई। तहसीलदार डॉ सुरेंद्र भास्कर ने लेडी, रोडू, किशनपुरा, रिंगण, समना, रेवाड़ा का बास, रीडमलास, कुशलपुरा, गोदारा का बास, उदरासर, रायधना, कुसुंबी आदि गांवों के पानी को सप्लाई के लिए बने पंप हाउस और कुंओं का निरीक्षण किया। विभागीय कार्मिकों को पानी की सप्लाई सुचारू बनाए रखने के लिए निर्देश प्रदान किए गए। मौका निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर इन पंप हाउस पर निजी कंपनी के कार्मिक नदारद मिलें। गांव वालों से मिलकर पानी की समस्या के बारे में विचार विमर्श कर समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

# नाबालिग बालिका के अपहरण व बलात्कार करने के आरोपी को चित्तावा पुलिस ने किया गिरफ्तार

## ● नाबालिग बालिका को भी किया दस्तयाब ● डेढ माह पहले हुए थे फरार

सद्दाम रंगेरज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** पुलिसथाना चित्तावा ने कार्यवाही करते हुए डेढ माह पूर्व नाबालिग बालिका के अपहरण कर बलात्कार करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। नागौर पुलिस अधीक्षक राममूर्ति जोशी के निर्देशानुसार व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कुचामनसिटी गणेशाराम तथा वृताधिकारी कुचामनसिटी संजीव कटेवा के निकटतम सुपरविजन में हरिराम जाजून्दा थानाधिकारी चित्तावा के नेतृत्व में गठित टीम ने प्रभावी कार्यवाही करते हुए डेढ महीने पहले नाबालिग बालिका का अपहरण कर बलात्कार करने वाले नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया व नाबालिग बालिका को भी दस्तयाब किया है। गौरतलब है कि 7 मई 2022 को प्रार्थी ने उपस्थित थाना होकर रिपोर्ट इस आशय की पेश की कि मेरे मामा की बेटी जिसकी उम्र 17 वर्ष है जो कि पिछले तीन माह से मेरे यहां रह रही थी, जो कि प्रात: 3 बजे घर से बिना बताये चली गई। मैंने आसपास व रिश्तेदारों में पूछताछ की लेकिन वह हमें नहीं मिली।

हमें शक है कि नोलाराम पुत्र रामेश्वर जाति जाट उम्र 30 वर्ष निवासी मंगरासी मेरी मामा की लड़की को कहीं भगा कर ले जा सकता है। पोक्सो एक्ट में मामला दर्ज कर नाबालिग लड़की व आरोपी नोलाराम की तलाश शुरू की गई। थानाधिकारी हरिराम जाजुन्दा द्वारा टीम गठित की जाकर प्रकरण में कार्यवाही करते हुए मोबाईल लोकेशन के आधार पर नाबालिग लड़की व आरोपी नोलाराम को झांसी, उत्तर प्रदेश से दस्तयाब किया गया। आरोपी नोलाराम पुत्र रामेश्वर लाल जाति जाट उम्र 21 साल निवासी मंगरासी पुलिस थाना लोसल जिला सीकर को अनुसंधान के बाद गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस टीम में हरिराम जाजून्दा थानाधिकारी चितावा, लालचन्द हैड कानि., छोटुराम कानि., सुमित्रा म0कानि0 आदि शामिल रहे।



# डॉक्टर दंपति ने दाता गुलाबदास आश्रम नोखा में किए दर्शन

## समस्या को जानकर साइलेंट वाइस जनरेटर रामद्वारे में किया भेंट

फखरुद्दीन खोखर

**रूण( नागौर डेली न्यूज ) :** 'जननी जणे तो ऐसा जणी के दाता के शूर...नहीं तो रह जाईजे बांझड़ी मती गमाई जै नूर' राजस्थान की इस प्रचलित कहावत को शुक्रवार नोखा चांदावता में एक डॉक्टर दंपति ने चरितार्थ कर दिया।

संत रामवल्लभ महाराज ने बताया आगामी महीने में इसी दाता गुलाबदासआश्रम में होने वाले चातुर्मास की तैयारियों का जायजा लेने एवं दर्शन करने शिवम हॉस्पिटल नागौर के संचालक डॉक्टर रामलाल कृषक एवं उनकी पत्नी डॉक्टर सुमन शुक्रवार को आश्रम पहुंचें और संतो के दर्शन किए और समस्याओं को नजदीक से देखा, इस दौरान डॉक्टर दंपती ने चातुर्मास के दौरान हजारों भक्तों के बैठने के सत्संग हॉल को देखा तो उनको लगा कि चौमासे का वक्त है और दूर दराज से आने वाले भक्तों को गर्मी लगेगी, क्योंकि बिजली की आंख मिचौली चलती रहती है ,ऊपर से उमस भी खूब रहती है इसलिए चातुर्मास में आने वाले भक्तों को चातुर्मास के दौरान किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो, इसी समस्या को मदैनजर रखते हुए डॉक्टर दंपती का दिल पिघल गया और उन्होने लगभग साढे चार लाख रुपए की किमत के जनरेटर का ऑर्डर रामद्वारे के लिए हाथों हाथ त्यागी संत रामप्रकाश महाराज की मौजूदगी में करवा दिया। उनके इस आर्डर से ग्रामीणों में भी खुशी की लहर है, इस दौरान आश्रम के त्यागी संत रामप्रकाश महाराज, सुप्रसिद्ध भजन गायक,नवीन संत और शिष्य रामवल्लभ महाराज,वृद्ध संत मांगीलाल, संत रामनिवास, संत तुकाराम महाराज और श्रद्धालु गजेंद्र सैन, सत्यनारायण, देवाराम आदि ने डॉक्टर दंपती का आभार व्यक्त किया और स्वागत किया।



# वाईन शॉप में लगी आग, ठेके की छत गिरने से लाखों की शराब नष्ट

अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर में सुनारी रोड स्थित चोपदार वाइंस शराब ठेके में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग के लपटें इतनी तेज थी कि उसकी तपिश से ठेके की छत की पट्टियां टूट कर धड़ाम से नीचे गिर गई। इससे वहां रखा हुआ अंग्रेजी व देशी शराब का करीब 10 लाख रुपये का माल नष्ट हो गया। सूचना पर लाडनूँ नगरपालिका की दमकल टीम एवं लाडनू पुलिस मौके पर पहुंची व आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार सुनारी रोड पर चौपदार एंड जोधा वाईन के नाम से शराब की दुकान संचालित हो रही है। जहां शनिवार सुबह अज्ञात कारणों से दुकान में आग लग गई। इसके बाद पास की दुकान में सो रहे सेल्समैन युवराज सिंह ने घटना की सूचना शराब ठेकेदार एवं नगरपालिका को दी तब मौके पर संपत पारीक फायर ब्रिगेड की टीम को लेकर पहुंचे इतने में वहां आग ने विकराल रूप ले लिया। जिससे दुकान की छत टूट कर नीचे गिर पड़ी। इसके चलते नीचे रखी हुई शराब की बोतलें टूट जाने से लाखों की शराब कचरे में मिल गई। ठेकेदार के अनुसार दुकान में 2 दिन पूर्व ही अंग्रेजी व देशी ब्रांड शराब का नया माल आया था, जिसके चलते यहां करीब दस लाख रुपए का नुकसान होने की संभावना जताई जा रही है। अब पुलिस शराब ठेके के आसपास लगे हुए सीसीटीवी कैमरों की मदद से फुटेज खंगालकर यहां आग लगने के कारणों का पता लगाने में जुटी है। गौरतलब है कि शराब ठेका श्मशान की भूमि और आबादी क्षेत्र में होने के चलते स्थानीय लोगों द्वारा लम्बे समय से इस ठेके को यहां से अन्यत्र स्थानांतरित करने के लिए प्रयास किये जा रहे थे इसी क्रम में अभी हाल ही में यहां प्रदर्शन भी किया गया था।



# थांवला शाखा प्रबंधक मीणा के स्थानांतरण पर दी विदाई

लुकमान शाह



**थांवला( नागौर डेली न्यूज ) :** कस्बे के सदर बाजार स्थित यूको बैंक शाखा थांवला में कार्यरत शाखा प्रबंधक राजकुमार मीणा का स्थानांतरण होने पर शाखा कर्मचारियों, बैंक बीसी और ग्रामीणों ने मिलकर विदाई समारोह का आयोजन किया। समारोह में विदा होने वाले शाखा प्रबंधक मीणा को पुष्पमाला व साफा पहनाकर गुलाल लगाई और मुंह मीठा करा कर उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं की। ग्रामीणों ने बताया कि शाखा प्रबंधक मीणा 3 वर्षों से यहां पर बैंक में कार्यरत हैं और इनके कार्यकाल में बैंक के सभी उपभोक्ता इनके कुशल व्यवहार से खुश रहे। इन्होंने सभी बैंक उपभोक्ताओं को चाहे वह एक रुपए का ग्राहक है या फिर एक करोड़ रुपए का ग्राहक है सभी को समान दृष्टि से देखते हुए बैंक में आने वाले हर एक उपभोक्ताओं का काम बड़े ही सरल ढंग से करवाया।

कभी किसी को कोई दिक्कत नहीं होने दी। ऐसे मैनेजर के विदा होने पर हमें बेहद ही दुख हो रहा है कि इतने सरल स्वभाव के शाखा प्रबंधक आज इस शाखा से अन्यत्र कहीं जा रहे हैं।

इस मौके पर शाखा प्रबंधक राजकुमार मीणा, सुरेंद्र कुमार, प्रियंका मैडम, बृजेश कुमार सहित समस्त बैंक मित्र वीरेंद्र सिंह शेखावत, हेमराज टेलर, घनश्याम नोकिया एवं पंकज उपाध्याय के साथ-साथ बैंक उपभोक्ता वे समाजसेवी भवानी उपाध्याय, अशोक मारवाड़ी, राजेंद्र टाक, नेमीचंद सेन, हुक्मीचंद जांगिड़, नरसी कुमावत, गणपत राम टेलर, महेश सोलंकी, पुरुषोत्तम उदावत, मनोहर सिंह, ओमप्रकाश कुमावत, गुलजार खान मौजूद रहे।

# कुचामन में आज 7 घंटे विद्युत आपूर्ति रहेगी बंद


सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** कुचामन क्षेत्र में रविवार को प्रात: से 7 घंटे तक लगातार बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। इसका असर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों पर रहेगा। डिस्कॉम के अधिशासी अभियंता जीआर मीणा ने बताया कि डीडवाना रोड स्थित शिव मंदिर कुचामन के सामने स्थित 220 केवी जीएसएस पर रविवार को प्रात: 6 बजे से दोपहर 1 बजे तक मेंटीनेंस कार्य किया जाएगा। इसके चलते क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता सचिन तमोली से मिली जानकारी के अनुसार मेंटीनेंस कार्य के कारण निमोद, रूपपुरा और अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में भी सुबह 7 बजे से एक बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

# प्रदेश में फिर बढ़ने लगा कोरोना : 123 नये केस मिले

## 1 मरीज की मौत; एक्टिव मरीजों की संख्या 669 पर पहुंची

**जयपुर।** राजस्थान में कोरोना के केस एक बार फिर धीरे-धीरे बढ़ने लगे है। पिछले एक सप्ताह में ये दूसरी बार है जब केसों की संख्या 100 से ज्यादा आई है। पिछले 24 घंटे में पूरे राज्य के अंदर 123 संक्रमित केस मिले है, जबकि सीकर में 1 मरीज की मौत हो गई। वहीं राज्य में अब एक्टिव केस भी बढ़कर 669 पर पहुंच गए है। मेडिकल हेल्थ डिपार्टमेंट राजस्थान की रिपोर्ट देखे तो जयपुर, उदयपुर समेत 13 जिलों में नए मरीज मिले है। सबसे ज्यादा 64 मरीज जयपुर में मिले है।










# आचार्य तुलसी का चिंतन विश्व शांती ओर सार्वभौम सर्वजन हितकारी था



शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा डेगाना के तत्वावधान में आयोजित आचार्य श्री तुलसी की 26वीं पुण्यतिथि तेरापंथ जैन भवन डेगाना में सुनि श्री चैतन्य कुमार अमन के पावन सान्निध्य में मनाई गई। इस अवसर पर धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए मुनि श्री अमन ने कहा कि आचार्य का चिंतन सार्वभौम सर्वजन हितकारी था। एक सम्प्रदाय विशेष के तुलसी आचार्य होते हुए मानवीय हितों को सर्वोपरि महत्व दिया। उन्होंने लोक कल्याण के लिए सम्पूर्ण भारत की पद्यात्रा की और लोगों में नैतिकता, सद्भावना, समन्वय, शांती, सहयोग और सेवाभावन की अलख जगाई। उनकी सोच ओर जीवन की दिनचर्या में उनके कार्यों में सदैव मानवता के दर्शन होते थे। उनके संदेशों को आत्मसात करने से ही कल्याण संभव है। इस मौके पर मुनि सुबोधकुमार ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा आचार्य तुलसी उस शख्स का नाम है जो अपने लिए बल्कि दुनिया के लिए जीया और दुनिया को जीना सिखाया। उन्होंने अनेक अवदान दिए। ओर नारी जाति के कल्याण को मूर्तरूप देने का भरसक प्रयास किया। वंदना के सामुहिक गान के पश्चात् महिलाओं द्वारा मंगला चरण प्रस्तुत किया। समाध्याक्ष पुखराज चोरडिया आगन्तुक अतिथियों का स्वागत किया। सेवाभावी महावीर सुराणा, विमल कोठारी नटवरलाल सारड़ा सोनल चौरडिया, एयू बेंक मैनेजर वर्धमान जैन, बालक प्रिया नालिका प्राची, मोक्षण ध्रुवा, उर्वशी, ईशिता, सुहानी, लक्षिता, तथा ईडवा से श्रीमती सुनीना सुराणा, दीपा चोरडिया आदि ने गीत, कविता प्रस्तुति दी। रिखब चोरडिया ने आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम के अन्त में सभी महिलाओं एवं बालक बालिकाओं को उत्साह वर्धन हेतु पुरस्कार वितरण किया। पुण्य तिथि कार्यक्रम जैन समाज के लोगो के साथ गणमान्य नागरिकों ने भाग लेकर जैन संतों के प्रवचनों का लाभ उठाया।

## योग दिवस पर शिक्षकों को उनके आवास के नजदीक स्कूल में भाग लेने की छूट देने की मांग

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत उपशाखा कुचामनसिटी ने मुख्यमंत्री एवं शिक्षामंत्री तथा निदेशक प्रारम्भिक व माध्यमिक शिक्षा को पत्र भेजकर 21 जून को 8वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर उनके आवास के समीपस्थ विद्यालय में भाग लिए जाने की छूट दिए जाने की मांग की है। संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष टोडाराम चौधरी ने बताया कि आगामी 21 जून को 8वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जायेगा। इस दिन सरकारी स्कूल में कार्यरत सभी शिक्षकों को अपनी स्कूल में उपस्थिति देने के संबंध में शिक्षा निदेशालय ने निर्देश जारी कर दिए हैं और यही निर्देश अब शिक्षकों के लिए परेशानी बन कर रह गया है। वजह है इन दिनों स्कूलों में ग्रीष्मावकाश चल रहा है, जिसके चलते हजारों शिक्षक अपने गृह जिले में अपने परिवार के पास चले गए हैं। ऐसे शिक्षकों की संख्या भी कम नहीं है जो सपरिवार बाहर घूमने भी गए हैं। संगठन के ब्लॉक मंत्री मोहम्मद शकील ने बताया कि विभाग के इन आदेशों ने इन शिक्षकों के लिए परेशानी पैदा कर दी है। क्योंकि अब उन्हें 21 जून को योग दिवस मनाने के लिए अपने घर से दूर वापस स्कूल जाना होगा। परेशानी उन शिक्षकों को अधिक होगी जो सैकड़ों किलोमीटर दूर अपने परिवार के पास हैं। उन्हें अवकाश के दौरान स्कूल जाना होगा यानी आने जाने में कम से कम दो दिन और एक दिन योग दिवस मनाने के लिए अपनी स्कूल में शिक्षकों को उपस्थिति देनी पड़ेगी। ऐसे में उनके तीन दिन बेकार हो जाएंगे। गौरतलब है कि हर साल स्कूलों में योग दिवस का आयोजन किया जाता है हर साल ग्रीष्मावकाश में अपने स्कूल से दूर गृह जिले में गए शिक्षक जहां ग्रीष्मावकाश मना रहे होते हैं। वहीं किसी पास के स्कूल में योग दिवस पर योग आयोजन में भाग लेने की छूट दी जाती है।

## रान्दड़ परिवार का गेट-टुगेदर कार्यक्रम आयोजित



शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** निकटवर्ती ग्राम कुचीपला में रान्दड़ परिवार का गेट टुगेदर पांच दिवसीय कार्यक्रम शुक्रवार को संपन्न हुआ, जिसमें परिवार के डेढ़ सौ सदस्यों ने पांच दिनों में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। समाज के प्रवक्ता भगवान रांदड ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सुंदरकांड का पाठ करके की गई । इसके बाद परिवार के सदस्यों द्वारा सांस्कृतिक प्रोग्राम आयोजित किया गया, जिसमें रान्दड परिवार के वरिष्ठ व सम्मानित सदस्य भंवर लाल, जगदीश प्रसाद, हीरालाल एवं शंकर लाल के सानिध्य में भगवान महेश का जलाभिषेक एवं आरती की गई। साथ ही संकल्प लिया गया की हर वर्ष रान्दड़ परिवार का गेट टुगेदर किया जाए एवं गांव के विकास के लिए रान्दड परिवार के विकास के लिए कुछ किया जाए। साथ ही उस पर विस्तृत चर्चा हुई। कार्यक्रम में चार पीढियों का समावेश था पहली पीढ़ी के सानिध्य में दूसरी पीढ़ी के देखरेख में एवं तीसरी व पीढ़ी के द्वारा यह प्रोग्राम मैनेज किया गया और चौथी व पांचवी पीढ़ी का इसमें प्रवेश हुआ।

# किशोर ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

- लुहारिया बास स्थित न्यारियों के चौक का मामला
- पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंपा



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** कुचामन के वार्ड नंबर 9 स्थित न्यारियों के चौक क्षेत्र के निवासी एक किशोर ने बीती रात अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। शनिवार को प्रातः कुचामन पुलिस ने राजकीय चिकित्सालय की मोर्चरी में मेडिकल बोर्ड के जरिए शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस को मृतक के परिजनों की ओर से जो जानकारी दी गई है उसके मुताबिक कलकत्ता के मूल निवासी व हॉल कुचामनसिटी निवासी मुजफ्फर अली जाति मुस्लिम बंगाली का छोटा बेटा मोहम्मद रुहूल शुक्रवार शाम को घर में खाना खा कर सोने के लिए ऊपर वाले कमरे में गया था। कुछ देर बाद उन्हें सूचना मिली कि रुहूल उम्र 17 ने अपने कमरे में फांसी लगा ली है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कुचामन के राजकीय अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया था। इसके साथ ही मुकदमा दर्ज कर कर जांच भी शुरू कर दी गई। पुलिस अधिकारी के मुताबिक मामले की जांच शुरू कर दी गई है हालांकि अभी तक आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। जानकारी के अनुसार पड़ोसियों ने घर की कमरे की खिड़की में जब रुहुल को फांसी पर लटकते देखा तो उन्होंने उसके घर वालों को सूचना दी।

# डेगाना के सदर बाजार से चोर ने उड़ाई बाईक

### आये दिन होने वाली बाईक चोरी की घटनाओं से लोगो मे रोष

शौकत खान




**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** डेगाना के सदर बाजार में शनिवार को सुबह 10 बजे ही नई बाईक की चोरी हो गई। घटना सीसीटीवी मे कैद हो गई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालें जिसमें चोर द्वारा बाईक को ले जाते साफ देखा गया। चोर ने स्कार्फ से अपना मुंह पूरी तरह से ढका हुआ था। हुलिये के आधार पर पुलिस ने बाईक चोर का पता लगाने का प्रयास किया लेकिन दिन भर की मेहनत के बाद भी पुलिस बाईक चोर का पता नहीं लगा पाई। जानकारी के अनुसार शनिवार को ग्राम अलतवा निवासी एक व्यक्ति रेलवे स्टेशन के पास शहर के मुख्य बाजार मे जैसे ही अपनी बाईक को खड़ा कर किराणा सामान लेने दुकान पर पहुंचा तो एक मिनट में ही पीछे खड़ा बाईक चोर बाईक को लेकर फरार हो गया। अचानक इस प्रकार से बाईक की चोरी होने की सूचना मिलने पर लोग अचरज करने लगे जैसे चोर को पहले से ही पता था।

यातायात पुलिस केबिन के ठीक सामने से इस प्रकार से बाईक की चोरी हो जाना डेगाना पुलिसिंग पर सवाल खड़ा करता है। शहर के नागरिकों ने बताया की डेगाना में आये दिन बाईक चोरी की वारदाते होती है, लेकिन पुलिस के पास पूरे संसाधन होने के बाद भी आज दिन बाईक चोरों को पकड़ने मे नाकाम रही। अभी तक सैकड़ों की तादाद में ऐसी चोरी की घटनाओं को चोर अंजाम देकर पुलिस के सामने चुनौति खड़ी कर रहे है। डेगाना शहर बाईक चोरों के लिए पूरी तरह से सुरक्षित है जहां पर पुलिस की कोई सख्ती नहीं है। सुस्त पुलिस प्रशासन के कारण चोरों के होंसले बुलंद है।

# पार्षद अयूब शेख बने शेख ईलाही समाज के अध्यक्ष

### शहर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने दी बधाई व प्रेषित की शुभकामनाएं

सद्दाम रंगरेज





**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** कुचामन नगर परिषद के वार्ड नम्बर 33 के युवा पार्षद एवं वरिष्ठ पत्रकार अयुब शेख को शेख ईलाई समाज का अध्यक्ष चुना गया है। शुक्रवार की शाम समाज की गुलाब बाड़ी स्थित शेख ईलाई समाज जमातखाने में आयोजित हुई एक बैठक में सर्वसहमति से ये फैसला किया गया।

इस दौरान बैठक में उपस्थित समाज बन्धुओं ने अयुब शेख का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इसी दौरान कार्यकारिणी भी गठित की गई जिसमें मईनुद्दिन शेख उर्फ एमडी को सचिव और समाज के वरिष्ठ सदस्य हाजी मुनीरुद्दीन शेख को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई। साथ ही उपाध्यक्ष पद पर बुंदू शेख मौलाना और शौकत अली उर्फ कालू ईलाई, सह सचिव इरशाद शेख, सह कोषाध्यक्ष पद पर सरवर शेख को चुना गया। कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में गुलाम हुसैन शेख, फारुख शेख, महबूब शेख, कालू शेख, हकीमुद्दीन शेख, फारुख शेख, साबिर शेख, इकबाल, रफीक ईलाई, बरकत शेख, मस्तान शेख, रमज़ान शेख को शामिल किया गया।

बैठक में शेख समाज के लोगों ने कहा कि समाज की बागडोर अब युवा सदस्य अय्यूब शेख को दी गई है। उम्मीद है वह सब की आशाओं पर खरा उतरेंगे। इस अवसर पर रुस्तम शेख, कुतुबुद्दीन शेख, मुन्ना शेख, पप्पू शेख, खलील शेख, नोशाद शेख सहित समाज के मौजिज लोग मौजूद रहे। पार्षद और पत्रकार अयूब शेख के शेख ईलाई समाज के अध्यक्ष पद पर चुने जाने की जानकारी मिलने पर शहर की सामाजिक संस्थाओं कुचामन विकास समिति, मदरसा इस्लामिया सोसायटी, लायंस क्लब, लायंस क्लब कुचामन फोर्ट, महावीर इंटरनेशनल, मुस्लिम एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसायटी, संस्कृति जागरण समिति सहित कई संस्थाओं और शहर के प्रबुद्धजन ने अयूब शेख को बधाई दी है और शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## एसडीएम शर्मा ने गांवों में घूम-घूमकर किया ट्यूबवेल, पंप हाउस व जीएलआर का निरीक्षण



इलियास खान

**रियांबड़ी( नागौर डेली न्यूज )।** उपखण्ड अधिकारी गौरीशंकर शर्मा द्वारा उपखंड क्षेत्र के गांव थांवला, सूदवाड, भेरुन्दा, बाड़ीघाटी, गुढा जगमलोता, डोडियाना में ट्यूबवेल, पंप हाउस, नलकूप, जीएलआर का निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि उपखण्ड अधिकारी द्वारा साप्ताहिक बैठक में गर्मी के सीजन में पेयजल आपूर्ति समय पर देने के निर्देश दिए जा रहे है। निरीक्षण के दौरान पी एच ई डी सहायक अभियंता अशोक बोरख को समय पर पेयजल आपूर्ति करने एवं जलाशयों की साफ सफाई रखने के साथ आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# उत्कृष्ट परिणाम देने वाली प्रतिभाओं का किया सम्मान

मोहम्मद शहजाद



**मकराना( नागौर डेली न्यूज )।** शहर के सदर बाजार स्थित काजी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा 10वीं एवं 12वीं कला वर्ग में उत्कृष्ट परिणाम देने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। संस्था के प्रधानाचार्य एवं विद्यालय के अध्यापकों के द्वारा विद्यार्थियों को माला पहनाकर और उनका मुंह मीठा करवा कर उन्हें सम्मानित किया गया। संस्था के प्रधानाचार्य मोहम्मद यूसुफ ने बताया कि 12वीं कला वर्ग में अलीजा काजी ने 91.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं सानिया काजी ने 87.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त किया और रुखसार बानो ने 80 प्रतिशत, शाइस्ता बानो 78.20 प्रतिशत, मुस्कान 77 प्रतिशत, साजिया बानो 77 प्रतिशत, रुबीना बानो 73 प्रतिशत, अहमद रजा 72 प्रतिशत, नाज़मीन बानो 71 प्रतिशत प्राप्त किए। इस प्रकार 12वीं कला वर्ग के सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होकर विद्यालय का नाम रोशन किया। कक्षा 10 वी में सैयदा कनीज फातिमा ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया व नोमान अहमद काजी व जुनैद अहमद ने 82.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त किया। हुमेरा बानो ने 80 प्रतिशत, अलवीरा बानो 77.33 प्रतिशत, परवीन बानो 75.33 प्रतिशत, समीना बानो 74.33 प्रतिशत, शोयब अली 74.33 प्रतिशत, अदीबा काजी 66 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट परिणाम दिया। इस प्रकार 12वीं कला वर्ग का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा एवं सभी विधार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 97 प्रतिशत रहा। संस्था प्रधान मोहम्मद यूसुफ ने सभी विद्यार्थियों की उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# ग्रीष्मकालीन कौशल विकास शिविर में महिला पुलिस कॉन्स्टेबलों ने सिखाए आत्मरक्षा के गुर



अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** शनिवार को वागीश्वरी विद्या मंदिर मूंडवा में चल रहे ग्रीष्मकालीन कौशल विकास शिविर में महिला पुलिस कॉन्स्टेबल कृष्णा चौधरी संगीता वैष्णव और सीमा विश्नोई ने बालिकाओं को विभिन्न प्रकार के आत्मरक्षा के गुर सिखाए और उनका अभ्यास भी करवाया कृष्णा चौधरी ने छात्राओं को बताया कि वर्तमान में महिला छेड़छाड़ के मामले लगातार बढ़ रहे हैं ऐसे में हमें घबराने या डरने की बजाय जागरूक वह सचेत होकर इनका सामना करना चाहिए सीमा विश्नोई ने गुड टच बैड टच की विस्तृत जानकारी दी श्रीमती संगीता विश्नोई ने आवाज दो आप कार्यक्रम की जानकारी दी।

बाद में तीनों ने राइडिंग होर्स, फाइटिंग पोजीशन, अपर, लोअर पंच की जानकारी दी। इस दौरान दक्ष प्रशिक्षक राधाकिशन सेवर, दिनेश मुंडेल, धर्माराम कड़वासरा, बस्तीराम खोजा, हरिओम तिवाड़ी, ताराचंद बड़ौला, संतोष सेवर मौजूद रहे।

## योगेश्वर आश्रम में तीन दिवसीय योग शिविर आज से

श्यामसुन्दर प्रजापत

**मीठड़ी( नागौर डेली न्यूज ) :** मीठड़ी कस्बे के रेलवे-स्टेशन के उस पार स्थित योगेश्वर आश्रम तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन रखा गया है। योगेश्वर आश्रम के योगा गुरु रमेश दास महाराज ने बताया कि योगेश्वर आश्रम में 19 जून से 21 जून तक प्रतिदिन प्रातः 6.30 से 7.30 तक योग शिविर का आयोजन किया जायेगा। महाराज ने बताया कि योग प्रणायाम के माध्यम से शरीर में होने वाले विभिन्न रोगो का उपचार सहजता के साथ किया जा सकता है। इसलिए आमजन को योग को जीवन का हिस्सा बना चाहिए। जिससे शरीर स्वस्थ रह सके। साथ ही बताया कि अलग-अलग बीमारियों के लिए कई तरह आसन मुद्राओं के बारे भी जानकारी दी जायेगी।




स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com